




नवभारत

भोपाल, बुधवार, 13 मई 2026


# पीएचई कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल-आठनेर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा**

**दूसरे कर्मचारी की हालत गंभीर, नागपुर रेफर**

**बैतूल, 12 मई. नव भारत. बैतूल में अमदर मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सोमवार देर रात बैतूल-आठनेर मार्ग पर हुआ। घायल कर्मचारी को जिला अस्पताल से नागपुर रेफर किया गया है।**

मृतक की पहचान 32 वर्षीय राजेश वसुले के रूप में हुई है। वे हीवरखेड़ के निवासी थे और पीएचई विभाग की मैकेनिकल विंग में समयपाल पद पर पदस्थ थे। वर्तमान में उनकी तैनाती बैतूल में थी। राजेश वसुले बैतूल बाजार के तिलक वार्ड पार्षद विजय पानकर के दामाद भी थे।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात राजेश वसुले अपने साथी कर्मचारी हिमांशु मगरदे के साथ विभागीय कार्य से कोलगांव जा रहे थे। वहां पेयजल व्यवस्था के लिए बोरिंग मशीन का काम चल रहा था और दोनों कर्मचारी उसी कार्य की निगरानी के लिए निकले थे।



### तेज रफ्तार कार ने मारी जोरदार टक्कर

इसी दौरान अमदर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद शुरू की। कोलगांव निवासी प्रकाश कसारे अपनी कार से दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद राजेश वसुले को मृत घोषित कर दिया। वहीं 31 वर्षीय हिमांशु मगरदे को आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया।

बता दें कि मृतक राजेश वसुले मूल रूप से विदिशा में पदस्थ थे और बाद में उन्हें बैतूल में संलग्न किया गया था। उनकी शादी करीब दो साल पहले ही हुई थी और उनकी एक बेटी है।

### पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

हादसे के बाद राजेश वसुले के शव को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। उधर बैतूल बाजार थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि हादसे के बाद अज्ञात कार चालक फरार हो गया है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### विभाग और भाजपा नेताओं ने जताया शोक

घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि और शुभचिंतक जिला अस्पताल पहुंचे। राजेश वसुले की मौत से विभागीय कर्मचारियों और परिचितों में शोक का माहौल है।

पीएचई विभाग की मैकेनिकल शाखा के एसडीओ प्रकाश धुर्वे ने बताया कि राजेश बेहद मेहनती और जिम्मेदार कर्मचारी थे। सोमवार रात भी वे पेयजल व्यवस्था से जुड़े काम की निगरानी के लिए कोलगांव जा रहे थे।

## मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिक सीनियर सिटीजन कार्ड से वंचित

**बैतूल।** वरिष्ठ नागरिकों को सीनियर सिटीजन कार्ड नहीं मिलने का मामला अब प्रदेश स्तर तक पहुंच गया है। जिले के वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर पंवार ने इस संबंध में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मुलाकात कर बताया कि केंद्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर सीनियर सिटीजन कार्ड के लिए आवेदन करते समय राज्यों की सूची में मध्यप्रदेश का नाम ही प्रदर्शित नहीं हो रहा है। इससे प्रदेश के वरिष्ठ नागरिक ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित हैं.पंवार ने बताया कि देश के अधिकांश राज्यों में वरिष्ठ नागरिकों को यह सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है, लेकिन मध्यप्रदेश के बुजुर्ग इस तकनीकी खामी के कारण योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं तक पहुंच प्रभावित हो रही है।

उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पोर्टल में सुधार कर मध्यप्रदेश का नाम जोड़ा जाए, ताकि राज्य के वरिष्ठ नागरिक भी सीनियर सिटीजन कार्ड बनवाकर सुविधाओं का लाभ उठा सकें.

## एक नजर में

### बीजासनी मंदिर में 16 मई को मनाया जाएगा शनि जन्मोत्सव

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में 16 मई को शनि देवता का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शनि देवता की विशेष पूजा अर्चना करके उनके 1008 नामों से हवन किया जाएगा। हवन में खीर, घी, हवन सामग्री, माखन मिश्री एवं शुद्ध घी की बूंदी का भोग लगाया जायेगा तथा शाम 7 बजे से भंडारा प्रारंभ होगा। मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### बैतूल जिले को मिले 128 पुलिस कांस्टेबल

**बैतूल।** जिले में पुलिस बल की कमी को देखते हुए गृह मंत्रालय ने 128 नए पुलिस कांस्टेबल की बैतूल में नियुक्ति की है। आज नए पुलिस कांस्टेबलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। डीएसपी शैफा हाशमी ने बताया कि 128 नव आरक्षक की तैनाती बैतूल में हुई है इनमें से 59 महिलाएं और 69 पुरूष हैं। इनका आज जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। इसके साथ ही इनके साथ ही इन सभी के संबंधित जिलों में कैरेक्टर वैरीफिकेशन की प्रक्रिया भी की जा रही है। पूरी प्रक्रिया होने के बाद इनकी ट्रैनिंग पीटीएस में कराई जाएगी और उसके पश्चात इनकी पदस्थापना होगी।

### बेटियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

**बैतूल।** आज लड़किया किसी भी क्षेत्र में लडक़ों से कम नहीं हैं। विगत दिनों से जिले के लड़कियां लगातार खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहीं हैं। खास बात यह है कि वह बहुत ही कम संसाधनों के साथ। राजगढ़ जिला ब्यावरा में 12वीं पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। कोच रानू मालवी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ऑल इन वन मार्शल आर्ट अकैडमी व संजीवनी हायर की सेकेंडरी स्कूल की छात्रा ने तनुश्री पाल ने सब जूनियर वर्ग में और सीनियर वर्ग तेजश्वरी मालवी ने कांस्य पदक जीत कर माता-पिता व जिले का नाम रोशन किया। तनुश्री की इस उपलब्धि पर प्राचार्य गजेन्द्र पवार, शाला परिवार, ईष्ट मित्रों, परिजनों और जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### रासायनिक का अधिक उपयोग कई बीमारियों की जड़

**बैतूल।** ग्राम अंबाडा, तहसील आमला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा दैनिक जीवन में हानिकारक रसायनों के दुष्प्रभावों से बचाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर समिति के समंवयक जतिन प्रजापति बताया कि अत्यधिक रासायनिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोत एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों को रसायनों के सुरक्षित एवं सीमित उपयोग, जैविक खाद एवं प्राकृतिक खेती अपनाने, कीटनाशकों का छिडक़ाव करते समय मास्क एवं दस्ताने पहनने, तथा खाद्य पदार्थों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान में मूंग एवं सब्जियों की खेती में कुछ जहरीले रसायनों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जिनमें मोनोक्रोटोफॉस, क्लोरपायरीफॉस, इमिडाक्लोप्रिड, साइपरमेथ्रिन एवं रोगोर जैसे रसायन शामिल हैं। किसानों को संतुलित मात्रा में उपयोग करने एवं जैविक विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसान महिला एवं पुरुषों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए.

# छात्रावास की अव्यवस्था की दो भाइयों ने की शिकायत

**कलेक्टर को शिकायत कर छात्रों ने बताई समस्या**

**बैतूल, 12 मई. नव भारत. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास हमलापुर बैतूल के छात्रों को ना तो भरपेट भोजन दिया जा रहा है और ना ही अन्य सुविधाएं। इतना ही नहीं विरोध करने पर छात्रावास से निष्कासन की धमकी भी दी जा रही है। उक्त शिकायत विवेक पिता रामविलास सूर्यवंशी, विक्की पिता रामविलास सूर्यवंशी निवासी जमन्या भीमपुर ने कलेक्टर से करते हुए उक्त समस्या का निराकरण करने की मांग की है।**



ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मैं विवेक सूर्यवंशी मेधावी छात्र रह चुका हूं एवं कक्षा बारहवी में 80 प्रतिशत स्नातक में 70 प्रतिशत बी.एड.75 प्रतिशत प्राप्त कर चुका है। वहीं विक्की सूर्यवंशी ने कक्षा 12 वीं में 70 प्रतिशत एवं स्नातक में भी अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। हम दोनों भाई गरीब परिवार से आते है। हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर हैं हम दोनो भाई हमलापूर छात्रावास में रहते है। छात्रावास अधीक्षक कमलेश राक्से ने मुझे बची हुई रोटी लेने से मना किया एवं सुबह छात्रावास से निकालने की धमकी दी कि तुम्हारा करियर खराब कर दूंगा एवं छात्रावास से बिना किसी कारण के निष्कासित कर दिया है। छात्रावास अधीक्षक कमलेश राक्से ने मुझे छात्रावास में प्रवेश लेने से मना किया था। मैंने कलेक्टर को अवेदन देने के बाद मुझे छात्रावास में प्रवेश मिला जिसके बाद से सर का मेरे प्रति अच्छा व्यवहार नहीं रहता था। दोनों भाईयों ने व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। ज्ञापन में ओमप्रकाश, अमन, अरूण, नवीन, दीपक, आदित्य निरापुरे, चंद्रप्रकाश, चमन, भुनेश्वर, आकाश, विकास, आकाश, अंकित ने भी हस्ताक्षर किए हैं।

## ज्ञान, वैराग्य और भक्ति मनुष्य जीवन के सबसे बड़े गुण



**बैतूल, 12 मई. नव भारत. विकास नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही देवी भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक सुश्री नित्या किशोरी शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति सच्ची भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन तभी सार्थक होता है जब वह ईश्वर की भक्ति, सेवा और सद्कर्मों से जुड़ा हो। भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा ही जीवन को सही दिशा देती है और व्यक्ति को मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है।**

कथा के दौरान उन्होंने सुखदेव जी के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि ज्ञान, वैराग्य और भक्ति मनुष्य जीवन के सबसे बड़े गुण हैं। सुखदेव जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर ईश्वर भक्ति में लीन होना ही सच्चा जीवन है। कथा वाचन के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे।

सुश्री शर्मा ने मां दुर्गा की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार देवी ने अनेक राक्षसों का संहार कर धर्म की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब मां शक्ति विभिन्न रूपों में अवतरित होकर दुष्ट शक्तियों का विनाश करती हैं। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा आयोजन कान्हा की मुरली ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में दीपा साहू, कविता पांडे, लक्ष्मी पटैया, मनीषा सोनी, कंचन मालवी, गीता कदम, रिंकी पानकर, रिंकी सूर्यवंशी, मोहिनी मालवी, सुशीला गलफट, मंदा खाड़े, सुनीता डोंगरे एवं रीना आजाद सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कथा सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर है।

## बोर खनन की विशेष अनुमति के लिए आए पांच आवेदन, सभी किए खारिज

**बैतूल, 12 मई. नव भारत. बोर खनन पर 20 अप्रैल को लगे बैन को थोड़ा ही समय बीता है और अनुमति मांगने के लिए आवेदन एसडीएम कार्यालय को आने लगे हैं। हालांकि अब तक कोई भी अनुमति जारी नहीं की है क्योंकि सभी आवेदन व्यक्तिगत फायदे के हैं। इस बार एसडीएम कार्यालयो में बोर खनन के लिए अब तक 5 आवेदन आए।**

इन आवेदनों पर विचार करने के बाद यह सामने आया कि सभी घरों के बोर के आवेदन हैं। घर का एक परिवार का एक बोर सूख जाने के बाद रि-बोरिंग की अनुमति मांगी। एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया पीएचई एसडीओ से इसकी जांच करवाकर ही ज्यादा जनसमूह के लिए जरूरी होने पर ही अनुमति दी जानी है। लेकिन अब तक जो भी आवेदन आए हैं वे व्यक्तिगत घरों पर बोर खनन के हैं किसी को भी अनुमति नहीं दी है। ज्यादा बड़े जनसमूह को फायदा होने पर ही अनुमति जनहित में दी जाएगी। पिछले साल से चार मीटर नीचे गया भूजलस्तर भूजलस्तर 10 सालों में चार मीटर नीचे चला गया है। पहले जहां जिले का औसत भूजलस्तर 26 मीटर नीचे था.

## सुरक्षा ही सर्वोच्च प्राथमिकता : वेकोलि पाथाखेड़ा

**सारनी, 12 मई. नव भारत. वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा में खान सुरक्षा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। क्षेत्र में खान सुरक्षा को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 11 मई 2026 को 'खान सुरक्षा प्रबंधन योजना' पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय एम. मिश्रा के नेतृत्व एवं महाप्रबंधक (संचालन) जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के 16 कर्मचारी, कामगार एवं अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के प्रथम कार्यसत्र में खान सुरक्षा अधिकारी (तवा) पी. रामटेके तथा द्वितीय कार्यसत्र में खान सुरक्षा अधिकारी (तवा-2) अखिलेश कुमार ने पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को खान सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, संभावित जोखिमों, दुर्घटना रोकथाम उपायों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

विशेषज्ञ अधिकारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने, सतर्कता बनाए रखने तथा आधुनिक सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने भी विभिन्न सुरक्षा विषयों पर जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया.

## रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा : डॉ. दीप्ति राठी

**बैतूल, 12 मई. नव भारत.मदर्स डे के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल संकल्प द्वारा राठी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जागरूकता एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों का सम्मान कर उनके सेवा कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।**

डॉ. दीप्ति राठी ने रक्तदान की महत्ता बताते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, जिससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। डॉ. स्मिता राठी ने भी स्वास्थ्य जागरूकता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर मदर्स डे के उपलक्ष्य में पोषण किट एवं गुड़-दलिया का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. नूतन राठी को महावीर प्रवाह सेवा भेंट की गई। महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की जानकारी वीरा सरला तातेड़ एवं जोन प्रेसिडेंट वीरा जूली रांका ने दी। इसी मौके पर सेंटर सेक्रेटरी वीरा करुणा गर्ग का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समाजहित में थैलेसीमिया उन्मूलन प्रोजेक्ट प्रारंभ करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन वीरा नूतन लुहाड़िया ने किया।

## कंपनी की चालबाज नीति 'पेटी पर पेटी' दे रही ठेका

**सारनी, 12 मई. नव भारत. क्षेत्र में सतपुड़ा पॉवर प्लांट में 'पेटी पर पेटी' ठेका देने की प्रथा का स्थानीय ठेकेदारों ने कड़ा विरोध कर रहे हैं।660 मेगावाट परियोजना में बड़ी कम्पनी ठेका लेकर'पेटी पर पेटी' से ठेका कार्य देने की प्रथा से नाराज स्थानीय ठेकेदारों का इस क्रूरता प्रथा का कड़ा विरोध किया,फूटा गुस्सा दी आंदोलन की चेतावनी। शहर में स्थित 660 मेगावाट नए पावर प्लांट परियोजना में ठेका कार्यों को लेकर स्थानीय ठेकेदारों और मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त हो रहा है.**

क्षेत्र में 'पेटी पर पेटी' ठेका प्रथा को लेकर प्रतीदिन विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि बड़ी कंपनियां कई स्तरों पर ठेके सबलेट कर मोटा कमीशन काट रही हैं, जिससे स्थानीय व्यवसायियों और मजदूरों का आर्थिक शोषण हो रहा है।

सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि परियोजना का मुख्य कार्य बीएचईएल भोपाल को सौंपा गया है, जिसके बाद कार्य नागपुर की कंपनियों सहित अन्य एजेंसियों तक पहुंच रहा है। आरोप है कि प्रत्येक स्तर पर 10-10 प्रतिशत




कमीशन काटे जाने के कारण एक लाख रुपये का कार्य स्थानीय ठेकेदारों को लगभग 50 हजार रुपये तक में दिया जा रहा है।इससे छोटे ठेकेदारों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।स्थानीय ठेकेदारों का कहना है कि कंपनियां 'कार्य पूर्ण होने के बाद ही भुगतान' की शर्त रख रही हैं, जिससे सीमित संसाधनों वाले ठेकेदारों के लिए मजदूरी, सामग्री और अन्य खर्च वहन करना कठिन हो रहा है। साथ ही बाहरी ठेकेदारों और मजदूरों को बुलाने की चेतावनी देकर स्थानीय लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है।


सतपुड़ा ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष नागेंद्र निगम ने आरोप लगाया कि बाहरी कंपनियां सारनी परियोजना से करोड़ों रुपये का लाभ कमा रही हैं, जबकि स्थानीय ठेकेदारों को घाटे में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 60 लाख रुपये लागत वाले लेबर कॉलोनी निर्माण कार्य को पेटी सिस्टम के माध्यम से 35 से 40 लाख रुपये में स्थानीय ठेकेदारों को सौंपा जा रहा है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय ठेकेदारों और मजदूरों को उचित दरों पर कार्य और समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में पावर प्लांट के सामने बड़ा आंदोलन एवं काम बंद हड़ताल की स्थिति निर्मित हो सकती है। क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर लगातार असंतोष बढ़ता दिखाई दे रहा है।

**गुहार** | 17 गांवों के ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार, मोक्षधाम में अंतिम संस्कार एवं धार्मिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं नागरिक

# पारसडोह में ताप्ती नदी पर मोक्षधाम में हो घाट निर्माण

**मुलताई, 12 मई. नव भारत.ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम गौला-रावा क्षेत्र मे पारसडोह के पास से बहने वाली ताप्ती नदी किनारे मोक्षधाम तक पक्के घाटों एवं सीसी रोड निर्माण की मांग को लेकर जनपद पंचायत मुलताई की जनपद सदस्य एवं स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति सभापति शर्मिला सुनील पंडोले एवं ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुलताई को आवेदन सौंपा गया.**

सौपे गए आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत गौला, रावा, पौनी, कुटखेड़ी, लिहदा, तावला,सोपई, खेड़ीकोर्ट, निमनवाड़ा एवं ऐनखेड़ सहित आसपास के लगभग 17 गांवों के ग्रामीण पारसडोह स्थित ताप्ती नदी मोक्षधाम में अंतिम संस्कार एवं धार्मिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन यहां वर्तमान में पक्के घाट एवं सीढ़ियों का अभाव बना हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया वर्तमान में पारसडोह पुलिया निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा मोक्षधाम के समीप अस्थायी भराव किया गया है, जो बारिश के समय जल प्रवाह में बह जाने की आशंका रहती है। इससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। विशेष रूप से अंतिम संस्कार, दशक्रिया, स्नान एवं पूजा-अर्चना के दौरान बुजुर्गों एवं महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



ग्रामीणों का कहना है कि पारसडोह का ताप्ती तट धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, जहां प्रतिदिन क्षेत्रवासी धार्मिक गतिविधियों के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंता का विषय बना हुआ है।

जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पारसडोह स्थित ताप्ती नदी किनारे शीघ्र पक्की सीढ़ियां (घाट) एवं सीसी रोड निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम सुविधा उपलब्ध हो सके।